सलाह दी गई मातृत्व देखभाल – यह आपका निर्णय है:

महिलाओं के लिए सूचना

इस सूचना पत्रक में मातृत्व देखभाल के बारे में आपके प्रश्नों के उत्तर दिए गए हैं, जिसकी सलाह आपके देखभाल प्रदाता, यानि आपके डॉक्टर, दाई या किसी अन्य स्वास्थ्यकर्मी द्वारा दी जाती है। यह केवल सामान्य सूचना के लिए है और इसके बारे में आपके देखभाल प्रदाता के साथ चर्चा की जानी चाहिए।

सलाह दी गई देखभाल क्या है?

आपका देखभाल प्रदाता आपकी और आपके बच्चे की तंदुरुस्ती की जाँच करता है और वह इसके भाग के रूप में परीक्षणों और प्रक्रियाओं की सलाह देगा। इनमें से कुछ सलाह सभी गर्भवती महिलाओं को दी जाती है और अन्य की सलाह आपके स्वास्थ्य, आपके बच्चे के स्वास्थ्य या आपके पारिवारिक इतिहास के आधार पर दी जा सकती है।

यदि मैं अपने लिए सलाह दी गई देखभाल के बारे में सुनिश्चित नहीं हूँ, तब क्या होगा?

जब चाहें तब प्रश्न पूछें। ब्रांड (BRAND) प्रॉम्प्ट आपको निम्नलिखित के बारे में प्रश्न पूछने की याद दिला सकता है:

लाभ (Benefits): सलाह दिए गए परीक्षण या प्रक्रिया के क्या लाभ हैं?

जोखिम (Risks): सलाह दिए गए परीक्षण या प्रक्रिया के क्या जोखिम हैं?

विकल्प (Alternatives): सलाह दिए गए परीक्षण या प्रक्रिया के लिए अन्य कौन से विकल्प हैं?

अभी या कभी नहीं (Now or Nothing): क्या यह निर्णय अभी लेना होगा? यदि मैं परीक्षण या प्रक्रिया न करवाने का निर्णय लेती हूँ, तो क्या होगा?

निर्णय (Decision): अंतिम निर्णय हमेशा आपका होता है।

यदि मैं देखभाल से इनकार कर देती हूँ, तो क्या मेरा देखभाल प्रदाता मेरी देखभाल करने से मना कर सकता है?

आपके पास हमेशा यह अधिकार होता है कि आप सलाह दी गई मातृत्व देखभाल को अस्वीकार कर दें और आप फिर भी स्वास्थ्य देखभाल का उपयोग कर सकती हैं

Queensland Government

यदि आप किसी प्रक्रिया का अनुरोध करती हैं, तो आपका देखभाल प्रदाता इसे उपलब्ध कराने से तब मना कर सकता है यदि उसे लगे कि इससे लाभ के बजाय हानि अधिक होगी।

यदि आपकी स्वास्थ्य सेवा आपके लिए ज़रूरी देखभाल प्रदान करने में असमर्थ हो, तो आपका देखभाल प्रदाता आपके विकल्पों के बारे में समझाएगा और आपके लिए ज़रूरी देखभाल प्राप्त करने में आपकी सहायता करेगा। आपके लिए देखभाल किसी अन्य स्वास्थ्य सेवा में उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता हो सकती है।

यदि आप Queensland सार्वजनिक अस्पताल में मातृत्व देखभाल प्राप्त करना चाहती हैं, तो आपको देखभाल प्राप्त करने से कभी भी मना नहीं किया जाएगा।

यदि मेरे देखभाल प्रदाता को ऐसा लगता है कि मेरे द्वारा देखभाल से इनकार करने पर, मैं स्वयं को और/या अपने बच्चे को नुकसान पहुँचने के जोखिम में डाल रही हूँ, तो क्या होगा?

आपका देखभाल प्रदाता आपको या आपके बच्चे को नुकसान पहुँचने की संभावना के बारे में वह सब बताएगा जो पता है और पता नहीं है। वह सलाह दी गई देखभाल के लिए सहमति देने के लिए आपको बाध्य नहीं कर सकता है।

आप अपनी मातृत्व देखभाल के बारे में निर्णय लेने और उन निर्णयों के परिणामों के लिए जिम्मेदार हैं। परिणाम चाहे जो भी हो, आपका देखभाल प्रदाता आपसे ईमानदारी और करुणापूर्वक व्यवहार करना जारी रखेगा।

बाल संरक्षण अधिसूचना (Child Protection Notification) केवल इसलिए जारी नहीं की जा सकती क्योंकि आपने सलाह दी गई मातृत्व देखभाल नकार कर दी है।

यदि मैं अपने लिए सलाह दी गई देखभाल नहीं लेने का निर्णय लेती हूँ, तब क्या होगा?

आप और आपका देखभाल प्रदाता ऐसी योजना बना सकते हैं जो पूरी तरह से आपकी इच्छानुसार हो।

क्वींसलैंड स्वास्थ्य सूचित सहमति (Queensland Health Informed Consent) की वेबसाइट www.health.qld.gov.au/consent पर सलाह दी गई देखभाल अस्वीकार करने की इच्छुक महिलाओं के लिए संसाधनों सहित सलाह दी गई मातृत्व देखभाल से इनकार करने के बारे में अतिरिक्त जानकारी उपलब्ध है।

यदि मैं अपनी मातृत्व देखभाल से खुश नहीं हूँ, तो मैं क्या कर सकती हूँ?

आप जब चाहें, अपने देखभाल प्रदाता या किसी अन्य देखभाल प्रदाता से बात करें। आप शिकायत भी कर सकती हैं या अपनी स्वास्थ्य सेवा में रोगी संपर्क प्रतिनिधि से संपर्क कर सकती हैं।

सूचना और सहायता

- सलाह दी गई मातृत्व देखभाल के लिए इनकार करने वाली महिला के साथ भागीदारी करना – उपभोक्ताओं के लिए दिशानिर्देश और संसाधन। www.health.qld.gov.au/consent
- क्वींसलैंड नैदानिक दिशानिर्देश (Queensland Clinical Guidelines) उपभोक्ता जानकारी – www.health.qld.gov.au/qcg/consumers
- 13 हेल्थ (13 HEALTH) (फोन: 13 43 25 84) गैर-आपात स्वास्थ्य सलाह प्रदान करने वाली गोपनीय फोन सेवा है। www.qld.gov.au/health/contacts/advice/13health
- गर्भावस्था, जन्म और शिशु (Pregnancy, Birth and Baby) – www.pregnancybirthbaby.org.au
  - हेल्पलाइन (फोन: 1800 882 436) इसमें मातृत्व एवं बाल स्वास्थ्य नर्स गर्भावस्था, जन्म, माता-पिता बनने और बच्चे का पालन-पोषण करने के बारे में निःशुल्क व्यक्तिगत सलाह, मार्गदर्शन और जानकारी देगा/देगी। यदि परामर्श सहायता की ज़रूरत हो, तो वह आपको परामर्श सेवा से कनेक्ट या रेफर कर देगा/देगी।
- बच्चों के पालन-पोषण संबंधी नेटवर्क (Raising Children Network) – www.raisingchildren.net.au
- लाइफलाइन (Lifeline) (फोन: 13 11 14) लाइफलाइन 24 घंटे टेलीफोन संकट सहायता सेवा प्रदान करती है। www.lifeline.org.au

Queensland Health इस पुस्तिका के लिए आपकी प्रतिक्रिया का स्वागत करता है।
कृपया ईमेल भेजें: PSQIS_Comms@health.qld.gov.au

उपभोक्ता मानक के साथ भागीदारी (Partnering with Consumers Standard)
और राष्ट्रीय सुरक्षा एवं गुणवत्ता स्वास्थ्य सेवा मानक (National Safety and Quality Health Service Standards)

यह प्रकाशन उपभोक्ताओं के सहयोग से तैयार किया गया था।

Version 1.0 November 2021 | Review date: 2025
© State of Queensland (Queensland Health) 2021
Licensed under: http://creativecommons.org/licenses/ by-nc-sa/4.0/au/deed.en